# कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्र.2270 / लेखा वि. / न.पा.नि. / 2021

रायगढ़, दिनांक 27/11/2021

## —: भावपत्र आमंत्रण सूचना :—

संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.) के पत्र क्र. / 15 वां वित्त / 7301 दिनांक 09.11.2021 के अनुपालन में नगर पालिक निगम रायगढ़ के वित्तीय वर्ष 2020—21 के वित्तीय विवरणों का अंकेक्षण कार्य निकाय स्तर पर कराया जाना है।

अतः इस हेतु इच्छुक पंजीकृत अंकेक्षक से नगर पालिक निगम रायगढ़ के वित्तीय वर्ष 2020—21 के लेखाओं का अंकेक्षण कर राष्ट्रीय नगर पालिका लेखा नियमावली के अनुसार ऑडिटेड एकाउण्ट तैयार कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु दर, बंद लिफाफे में दिनांक 13.12.2021 को समय अपरान्ह 04:00 बजे तक नगर पालिक निगम रायगढ़ के लेखा विभाग में आमंत्रित किया जाता है। प्रस्तुत भाव पत्र उक्त दिवस को ही सायं 05:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा खोली जावेगी। तत्समय भावपत्र दाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

**शर्ते :—**

1. दर स्पष्ट होना चाहिये, अपलेखन पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
3. किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं रहेगा।
4. दर समस्त कर सहित होनी चाहिये। अलग से कोई कर देय नहीं होगा।
5. अंकेक्षक / अंकेक्षक फर्म को नगर निगम रायगढ़ के समस्त बैंक खातों का भी अंकेक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

27.11.21

**आयुक्त**
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

पृ.क्र.2270 / लेखा वि. / न.पा.नि. / 2021

रायगढ़, दिनांक 27/11/2021

प्रतिलिपि :—

1. कार्यालय नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।
2. नगर के अन्य सहज गोचर स्थलों पर चस्पा हेतु।
3. डाटा सेन्टर प्रभारी, निगम के वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।

**आयुक्त**
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

d:\0 account department\account\bhawpatra.docx